हरिभूमि

# रेवाड़ी भूमि

रोहतक, शनिवार, 18 अक्टूबर, 2025

तापमान

अधिकतम 32.5 डिग्री
न्यूनतम 12.2 डिग्री

13 सरकार के एक वर्ष का कार्यकाल विकास, पारदर्शिता और जनता से जुड़ाव का प्रतीकः लक्ष्मण



14 विद्यार्थियों ने आकर्षक रंगोली बनाकर दिखाई प्रतिभा, ग्रुप सॉन्ग में रहा सुर व ताल का संगम



## खबर संक्षेप



रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

### नशीला पदार्थ स्मैक के साथ एक गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** सीआईए कोसली ने नशीला पदार्थ स्मैक बेचने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। सीआईए को सूचना मिली थी गोकलगढ़ निवासी उदय गांव में नशीले पदार्थ बेचने का धंधा करता है। सूचना मिलने के बाद सीआईए की टीम ने मौके पर जाकर आरोपी को काबू कर लिया। उसके कब्जे से तलाशी के दौरान 2.88 ग्राम स्मैक बरामद हुई। आरोपी को गिरफ्तार करने के बाद सीआईए ने सदर पुलिस थाने में केस दर्ज कराया है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।

### नशीला पदार्थ बेचने का आरोपी चढ़ा हत्थे



रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

**रेवाड़ी।** थाना मॉडल टाउन पुलिस ने गांजा बेचने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस को सूचना मिली थी युगल विहार निवासी जय गांजा बेचने का धंधा करता है। वह स्कूटी लेकर गांजा बेचने की फिराक में खड़ा है। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मौके पर जाकर आरोपी को काबू कर लिया। उसके कब्जे से तलाशी के दौरान 53.57 ग्राम गांजा बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करते हुए उसके खिलाफ केस दर्ज कर लिया। उसकी स्कूटी को भी कब्जे में लिया गया है।

### कोर्ट से घोषित पीओ भेजा गया जेल

**बावल।** पुलिस ने कोर्ट से घोषित किए गए एक पीओ को गिरफ्तार किया है। कोर्ट में चल रहे एक मामले में बोलनी निवासी मनीष कुमार लगातार अनुपस्थित चल रहा था। बार-बार नोटिस दिए जाने के बाद भी वह हाजिर नहीं हुआ, तो उसे कोर्ट पीओ घोषित कर दिया। उसके खिलाफ केस दर्ज करने के आदेश जारी हुए थे। कोर्ट के आदेश पर बावल थाना पुलिस ने 16 अक्टूबर को केस दर्ज करने के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। उसे कोर्ट में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत के तहत जेल भेज दिया गया।

### सड़क हादसे का आरोपी चालक गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** पुलिस ने सड़क हादसे के बाद फरार वाहन चालक को गिरफ्तार किया है। सदर थाना पुलिस ने 14 अक्टूबर को हुए हादसे के बाद फरार हुए चालक के खिलाफ केस दर्ज किया था। हादसे में एक युवक की मौत हो गई थी। पुलिस ने वाहन चालक हांसी के पाली निवासी कमल को गिरफ्तार कर लिया। हादसे को अंजाम देने वाली उसकी एल्ट्रोज कार को भी कब्जे में लिया गया है। तफ्तीश में शामिल करने के बाद आरोपी को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### रंगदारी मांगने के आरोपी भेजे गए जेल

**रेवाड़ी।** छिपटवाड़ा में दो बाइकों को आग लगाने के बाद रंगदारी मांगने के मामले में पुलिस ने गिरफ्तार किए गए दोनों आरोपियों को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया। 15 अक्टूबर को चेतराम की शिकायत पर सिटी पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया था। बाइक जलाने की वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई थी।

---

धनतेरस पर प्रदोष काल में यमदीप दान करना रहेगा शुभ

# धनतेरस को लेकर सज गए बाजार, बर्तन व सर्राफा बाजार में होगा करोड़ों का कारोबार

खरीदारी के लिए शुभ मुहूर्त दोपहर 12:19 से शाम 4:25 तक तथा 5:50 से 7:25 तक रहेगा

इस बार धनतेरस पर दुकानदारों की ओर से पिछले वर्ष से अधिक बिक्री का अनुमान लगाया जा रहा

- सर्राफा, बर्तन, कपड़ा, इलेक्ट्रानिक व ऑटो मोबाइल के बाजार में पूरी तरह गर्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

धनतेरस के पर्व को लेकर शहर के सभी बाजार पूरी तरह सजकर तैयार हो गए है। 18 अक्टूबर को मनाए जाने वाले धनतेरस पर्व पर व्यापारियों को अच्छा कारोबार होने की पूरी उम्मीद है। जिले में प्रति वर्ष धनतेरस पर अकेले बर्तन बाजार में 10 करोड़ रुपये से ज्यादा का कारोबार होता है। धनतेरस पर दुकानदारों की ओर से पिछले वर्ष से अधिक बिक्री का अनुमान लगाया जा रहा है। धनतेरस पर्व को लेकर सर्राफा, बर्तन, कपड़ा, इलेक्ट्रानिक व ऑटो मोबाइल के बाजार में पूरी तरह गर्म हो चुके है। इस बार सोना 1.33 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम व चांदी का भाव 1.85 लाख रुपये किलो पहुंच चुका है, जिससे इस बार लोग सर्राफा बाजार में सोच-समझकर निवेश कर रहे है, लेकिन धनतेरस पर अच्छे कारोबार की उम्मीद लगाई जा रही है। इस बार स्टील, तांबा व पीतल के बर्तनों में भी 50 से 100 रुपये तक का उछाल आया है। धनतेरस पर खरीदारी के लिए शुभ मुहूर्त दोपहर 12:19 से शाम 4:25 तक तथा 5:50 से 7:25 तक रहेगा तथा प्रदोष काल में यमदीप दान करना शुभ रहेगा।



धनतेरस की पूर्व संध्या पर सजी बर्तनों की दुकान



रेवाड़ी। ज्वेलरी शॉप में सजे हुए चांदी के बर्तन। फोटो :हरिभूमि

### आकर्षक डिजाइनों के आभूषण तैयार

*ज्वेलर्स शोरूमों में सोने-चांदी के आइटम व मूर्तियां सजाई गई है। ज्वेलर्स के अनुसार नवरात्र से आभूषणों का बाजार गर्म होने से काफी उछाल आया है। धनतेरस पर प्रति वर्ष करीब 8 से 10 करोड़ का आभूषणों का कारोबार हो जाता है। ज्वेलर्स प्रदीप जैन व मनोज जैन ने बताया कि लोग सोने और चांदी के आभूषणों की काफी खरीदारी करते है। सोने व चांदी की कीमत में उछाल से मांग पर फर्क नहीं पड़ रहा है। लोग अभी से शादी-विवाह के लिए भी ज्वेलरी की खरीदारी कर रहे है। 50 प्रतिशत ग्राहक अपनी रेंज के अनुसार आभूषण खरीदते है। धनतेरस पर कारोबार काफी बढ़ने की काफी उम्मीद है। ग्राहकों के लिए दीपावली के लिए आकर्षक व नए डिजाइनों के आभूषण तैयार कराए गए है।*

### बर्तन बाजार में स्टील-तांबे की रहेगी चमक

धनतेरस और दीपावली पर सर्राफा, इलेक्ट्रॉनिक्स, ऑटोमोबाइल्स, बर्तन और गिफ्ट आइटम की दुकानों में प्रति वर्ष करोड़ों का कारोबार होता है। बिक्री को लेकर व्यापारियों में भारी उत्साह है। शहर के मोती चौक बाजार, रेलवे रोड बाजार, गोकल बाजार, गुड़ बाजार बाजार, मॉडल टाउन कॉम्प्लेक्स, सर्राफा बाजार व बजाजा बाजार में दुकानें सजकर तैयार हो चुकी है। पीतल नगरी रेवाड़ी में बर्तन के छोटे-बड़े करीब 200 व्यापारी हैं। दुकानों में अलग-अलग वैरायटी के बर्तन उपलब्ध है। अकेले बर्तनों का ही 10 करोड़ से अधिक का व्यापार होने की उम्मीद जताई जा रही है। शहर में पिछले एक दशक से पीतल का काम कम होने से स्टील के बर्तनों से ले ली है। लोगों का स्टील के प्रति रुझान बढ़ने से बर्तनों की काफी बिक्री होने की उम्मीइ जताई जा रही है। बर्तन व्यापारी भोलाराम व चन्द्रशेखर गौतम ने बताया कि इस समय स्टील के बर्तन 300 से 500 रुपये प्रति किलो तक अलग-अलग वैरायटियों में उपलब्ध है। पीतल 800 से 950 व एल्यूमिनियम के बर्तन 350 से 400 रुपये प्रति किलो के भाव से है। इसके अलावा तांबे के बर्तन 1250 व कांसा के बर्तन 2200 रुपये प्रति किलो के भाव से उपलब्ध है।

- शहर में पिछले एक दशक से पीतल का काम कम होने से स्टील के बर्तनों से ले ली



मोती चौक बाजार में खरीदारी करते हुए लोग

---

### त्योहारों की आड़ में गड़बड़ी करने वालों पर होगी कड़ी कार्रवाईः एसप

**रेवाड़ी।** आगामी धनतेरस, दीपावली व गोवर्धन के पर्व पर जिला पुलिस ने सुरक्षा की दृष्टि से पुख्ता इंतजाम किए है। एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा ने कहा कि त्योहारी सीजन शुरू हो गया है, जिसके चलते खरीददारी के लिए बाजारों में लोगों की भीड़ पड़ रही है। पुलिस की ओर से त्योहार पर यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाने के लिए कस्बों व प्रवेश मार्गों पर चेकिंग पॉइंट्स, अंतरराज्यीय नाके तथा अंतर जिला नाके स्थापित किए हैं। एसपी ने कहा कि बाजारों तथा भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों में बड़े वाहनों को प्रवेश नहीं करने दिया जाएगा। एसपी ने सभी थाना प्रभारियों को सुरक्षा को लेकर अपने-अपने क्षेत्रों में नियमित रूप से गश्त करने तथा संदिग्ध व असामाजिक किस्म के लोगों पर कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए है। बाजारों में महिलाओं की सुरक्षा को लेकर महिला पुलिस की टीम की तैनाती की गई है। एसपी ने कहा कि भीड़ भाड़ वाले क्षेत्रों व चौक चौराहों पर भी सिविल वर्दी में भी पुलिस टीमों की नियुक्ति की गई है। सभी थाना प्रभारियों से कहा कि अपने सूचना तंत्र को मजबूत कर संदिग्ध व असामाजिक तत्वों पर पैनी नजर रखें। एसपी ने कहा कि कुछ आपराधिक किस्म के व्यक्ति त्योहारों पर भीड़ भाड़ के समय ही घटना को अंजाम देने की फिराक में रहते है, इसलिए अपने थाना क्षेत्रों में आने वाले सभी नाके अलर्ट पर रखे, ताकि किसी प्रकार की आपराधिक घटना की पुनरावृत्ति न होने पाए। एसपी ने कहा कि पुलिस अनाधिकृत रूप से पटाखों की बिक्री, गंधक व पोटाश भंडारण करने वालों पर भी सख्त कार्रवाई करें। सार्वजनिक स्थान पर शराब पीने वालों, शराब पीकर गाड़ी चलाने वालों, बुलेट पटाखा फोड़ने वालों व ध्वनि प्रदूषण कर हुड़दंग करने वालो पर कार्रवाई करें।

---

पति ने गाड़ी की मांग रख दी

## पति-सास पर दहेज प्रताड़ना व जान मारने की धमकी देने का केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोसली

कोसली गांव की एक विवाहिता ने दाना अलामपुर गांव निवासी अपने पति व सास के विरुद्ध दहेज प्रताड़ना, मारपीट व जान से मारने की धमकी देने के आरोप में कोसली थाने में मामला दर्ज कराया है। विवाहिता ने पुलिस को बताया कि उसका विवाह साढ़े चार साल पहले दीपक कुमार से हुआ था। उसके माता पिता ने अपनी हैसियत से ज्यादा दान दहेज भी दिया था, लेकिन ससुराल वाले शादी में दिये गये दान दहेज से सन्तुष्ट नहीं थे तथा उन्होंने शादी के बाद से ही दहेज के लिए तंग व परेशान करना शुरू कर दिया। शादी के अगले दिन ही उसके पति ने गाड़ी की मांग रख दी है।

### मारपीट कर करते थे परेशान

*सास ने सोने के कंगन व पांच लाख रुपये नकद न लाने पर घर में नहीं रखने व जान से खत्म करने की धमकी दी। विवाहिता ने पति पर गलत तरीके से शारीरिक सम्बन्ध बनाने का आरोप भी लगाया है। विवाहिता ने बताया कि उन्होंने पुत्री के जन्म पर छुछक लेकर आए उसके पिता व भाई के साथ भी अभद्र व्यवहार किया। इसी वर्ष मार्च माह में उसके पति व सास ने उसके साथ मार पिटाई करके जबरदस्ती घर से बाहर निकाल दिया, जिसके बाद वह अपने मायके में रह रही है। पुलिस ने मीडिएशन सैल से काउंसलिंग कराने के बाद आरोपियों के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया है।*

---

## दीपावली पर सुरक्षित एवं खुले स्थान पर ही चलाएं पटाखे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोसली

डा. जयपाल ने कहा कि दीपावली के अवसर पर पटाखे सुरक्षित एवं खुले स्थान पर ही चलाने चाहिए। पालतू पशु बांधने की जगह, अस्पताल व भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर पटाखे नहीं चलाने चाहिए। शुक्रवार को कोसली के सामान्य अस्पताल में नागरिकों को जागरूक करते हुए डा. जयपाल ने कहा कि कि पटाखे चलाते समय दस्ताने, चश्मा व जूते पहन कर रखें। पास में पानी की एक बाल्टी रखें। जिसमें चले हुए पटाखों को डालते रहें। नागरिकों को ग्रीन पटाखों का प्रयोग करना चाहिए। पटाखे चलाते समय महिलाएं बाल बांध कर रखें। अधिक खुले व रेशमी कपड़े न पहनें। पटाखा चलाते समय अगर हाथ जल जाए तो उस पर ठंडा पानी डालें व एंटीबायोटिक मलहम लगाएं। कोई कट लग जाए तो उसे एंटीसेप्टिक से साफ करें। पटाखों की तेज आवाज के कारण सुनने में परेशानी हो जाए तो नजदीकी डॉ. से संपर्क करना चाहिए। नागरिक इमरजेंसी के समय अस्पताल के फोन नंबर 01259-275105 पर संपर्क कर सकते हैं। इस अवसर पर डा. मनीष व नर्स सरिता सहित अनेक स्टाफ सदस्य मौजूद थे।

---

## विद्यार्थियों ने रैली निकालकर पटाखे रहित दिवाली मनाने का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की ओर से शुक्रवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मसानी में दीपावली त्योहार पर पटाखे न जलाने व पर्यावरण संरक्षण को लेकर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ग्रामीणों को जागरूक करने के लिए जागरूकता रैली भी निकाली गई।

### पर्यावरण प्रदूषण को लेकर भाषण स्पर्धा आयोजित

*हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के सहायक पर्यावरण अभियंता अजय यादव ने बच्चों व ग्रामीणों को पटाखे न जलाने, पर्यावरण को स्वच्छ रखने व पटाखे रहित दीपावली मनाने का संदेश दिया। बच्चों को पटाखों रहित दिवाली मनाने के लिए शपथ भी दिलाई गई। प्रदूषण विभाग की ओर से विद्यालय में पर्यावरण प्रदूषण को लेकर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रा शशि ने प्रथम, सरिता ने द्वितीय तथा कोमल व आर्यन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड़ के सहायक पर्यावरण अभियंता अजय यादव व कनिष्ठ पर्यावरण अभियंता दीपक यादव सहित विद्यालय के सभी अध्यापकगण मौजूद थे।*




रेवाड़ी। पर्यावरण संरक्षण रैली के लिए रवाना होते शिक्षक व विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि

### एक दीपक-वीर सैनिकों के नाम कार्यक्रम कल

**रेवाड़ी।** हमारा परिवार संस्था के तत्वावधान में दीपावली के उपलक्ष्य में 19 अक्टूबर को पंजाबी धर्मशाला में एक दीपक-वीर सैनिकों के नाम कार्यक्रम का आयोजन संस्था के संयोजक दिनेश कपूर ने बताया कि रोटरी क्लब रेवाड़ी मेन की अध्यक्ष नेहा शर्मा कार्यक्रम में मुख्यातिथि व विश्व हिंदू परिषद के जिला प्रधान राधेश्याम मितल विशिष्टातिथि रहेंगे। संस्था की ओर से अनुमूल शर्मा सचिव रोटरी क्लब रेवाड़ी मेन, डा. आत्मप्रकाश यादव, नरेन्द्र गुगनानी व शिक्षाविद अमिता ग्रोवर का अभिनंदन तथा उल्लेखनीय सेवा करने वाले साथियों को भी सम्मानित किया जाएगा।

---

शहीद रामस्वरूप राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में दो दिवसीय जिला स्तरीय सांस्कृतिक उत्सव का उद्घाटन

# सांस्कृतिक उत्सव में बच्चों ने दिखाए जौहर, पीएमश्री स्कूलों का दबदबा

- उद्घाटन जिला शिक्षा अधिकारी सुभाष चंद्र यादव ने किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

गांव कंवाली स्थित शहीद रामस्वरूप राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में दो दिवसीय जिला स्तरीय सांस्कृतिक उत्सव का उद्घाटन जिला शिक्षा अधिकारी सुभाष चंद्र यादव ने किया।

जाटूसाना बीईओ अरविंद यादव की अध्यक्षता तथा नाहड़ बीईओ डा. राजेंद्र सिंह यादव के विशिष्टातिथ्य में आयोजित उत्सव में मेजबान विद्यालय के प्राचार्य अनिल यादव ने स्वागताध्यक्ष की भूमिका निभाई। पहले दिन आयोजित जूनियर वर्ग की चार प्रतियोगिताओं में नन्हें कलाकारों ने अपनी प्रतिभा के जौहर दिखाते हुए सभी का मन मोह लिया। समूह लोकनृत्य, एकल लोकनृत्य, स्किट तथा रागिनी में जिले के पीएमश्री स्कूलों का दबदबा रहा।





रेवाड़ी। सांस्कृतिक उत्सव में डांस करते हुए छात्रा, उत्सव की विजेता छात्राओं को सम्मानित करते अतिथि। फोटो :हरिभूमि

### प्रतियोगिता के ये रहे विजेता

*सांस्कृतिक उत्सव के जिला नोडल अधिकारी एवं डीएमएस अशोक नामवाल ने बताया कि सोलो फोक डांस में जहां पीएमश्री रावमावि बावल ने प्रथम, पीएमश्री राकवमावि रेवाड़ी ने द्वितीय, रावमावि हांसाका ने तृतीय व पीएमश्री राजकीय कन्या हाई स्कूल गुड़ियानी ने सांत्वना पुरस्कार अर्जित किया, वहीं ग्रुप फोक डांस में रावमावि हांसाका, पीएमश्री कन्या रेवाड़ी, पीएमश्री बावल तथा रावमावि डीजीपुरा की टीमों ने बाजी मारी। स्किट में पीएम श्री बीकेपुर, पीएमश्री बावल,रावमावि संगवाड़ी तथा रामावि खालेटा की टीमें विजेता रहीं। रागिनी में पीएमश्री बीकेपुर ने प्रथम, हांसाका ने द्वितीय, पीएमश्री बावल तृतीय व डीजीपुरा सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। साहित्यकार सत्यवीर नाहड़िया के निर्देशन में उत्सव का संचालन-संयोजन प्राध्यापिका गीता यादव, सीमा यादव, सुधीर यादव, चंद्र प्रकाश, सोनिया, पूनम यादव व सरिता ने किया। निर्णायक मंडल की भूमिका प्रकाश मालिक, प्रो. सुनील पंवार, पूजा, विनय, रुबिया भारती, अनूप कुमार, डा. बलराम यादव, डा. आकाश शर्मा, डा. रामनिवास, मनोज कुमार, सतीश मस्तान तथा लोकेश ने निभाई। उत्सव के संयोजन में पंजीकरण टीम तथा मेजबान विद्यालय के स्टाफ, एनएसएस वॉलिंटियर्स ने भूमिका निभाई। जिला शिक्षा अधिकारी सुभाष चंद्र यादव ने विजेताओं को पुरस्कृत किया।*

### मौके पर ये मौजूद रहे

इस अवसर हसला के राज्य प्रधान सतपाल सिंधु, रविंद्र यादव भाकली, मनोज मसानी, डा. हरिप्रकाश, नरेंद्र कुमार, डा. विनोद, शोभा भारद्वाज, विपिन कुमार, राकेश कुमार, महेश कुमार, प्रहलाद सिंह, सतबीर सिंह, ओम प्रकाश यादव आदि मुखिया तथा आयोजन समिति से जुड़े राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार से अलंकृत सत्यपाल सिंह, डा. विजेंद्र सिंह व संजय डाबला सहित सभी स्टाफ सदस्य व प्रभारी उपस्थित थे।



# धुरंधर का टाइटल ट्रैक रिलीज, फिर दिखा रणवीर का एक्शन अवतार

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता रणवीर सिंह इन दिनों में अपनी आगामी फिल्म 'धुरंधर' से चर्चा में हैं। जबसे फिल्म का फर्स्ट लुक सामने आया है, तबसे इसे लेकर दर्शकों में उत्सुकता बढ़ गई है। अब फिल्म का टाइटल ट्रैक रिलीज हो गया है। रणवीर सिंह की फिल्म 'धुरंधर' का टाइटल ट्रैक रिलीज हो गया है। निर्माताओं ने 2 मिनट 39 सेकंड का ट्रैक जारी किया है, जिसके बोले हैं 'ना दे दिल परदेसी नू...'। इसमें अभिनेता रणवीर सिंह का खूंखार अवतार दिख रहा है और उन्हें फुल एक्शन मोड में देखा जा रहा है। एक्टर को दुश्मनों पर जोरदार वार करते देखा जा सकता है। आदित्य धर के निर्देशन में बनी फिल्म 'धुरंधर' में रणवीर सिंह ने एक सीक्रेट एजेंट का रोल किया है, जो पाकिस्तान में रहकर आतंकियों का सफाया करता है।

लाइफ Style

# सामंथा

## मेरा सब सोशल मीडिया पर रहा

साउथ सिनेमा की मशहूर अभिनेत्री सामंथा रुथ प्रभु ने एक कार्यक्रम में अपने कॅरियर के साथ-साथ सोशल मीडिया को लेकर भी अपने विचार दिए। उन्होंने बताया कि सोशल मीडिया पोस्ट पर लाइक्स मिलना स्ट्रगल है।

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

मेरी लाइफ कोई परफेक्ट नहीं है, लेकिन मैं अपनी जिंदगी को बेहतर बनाने की कोशिश कर रही हूं। 'मैं केवल अपने सफर और अपनी जर्नी पर बात करती हूं। मैं दूसरो के सफर पर नहीं बोल सकती, लेकिन खुद के लिए बोल सकती हूं और जितना हो सके रियल रहने की कोशिश करती हूं। मेरी बीमारी, मेरा अलगाव...सब सोशल मीडिया पर रहा, खूब जज भी हुई और चीजों को लेकर ट्रोल भी हुई। सोशल मीडिया पर लोगों को इतनी एक्सेस मिल गई है कि ये कभी-कभी किसी के लिए बहुत डीमोटिवेटिंग भी हो सकता है, क्योंकि सबकी जिंदगी एक जैसी नहीं होती। सामंथा रुथ प्रभु ने कहा है कि यूथ को अपने मेंटर चुनने में बहुत सतर्क रहना चाहिए, क्योंकि ये आपकी जिंदगी को बहुत प्रभावित करते हैं। तो सोशल मीडिया पर किसी को फॉलो करने से पहले आपको देखना चाहिए कि आप किसे फॉलो कर चुके हैं।

एक्ट्रेस अपने संघर्ष के दिनों को याद करते हुआ कहा, 'मैं बहुस साधारण परिवार से हूं, कभी मेरा परिवार खाने के लिए भी संघर्ष कर रहा था, जब मेरी पहली फिल्म हिट हुई मैं रातों रात स्टार बन गई। नेम, फेम, पैसा, शोहरत सब मिला। मैंने दो साल काम नहीं किया ,क्योंकि मैं चाहती थी कि ऐसा काम करूं जो बतौर एक्टर और इंसान मुझे कुछ बेहतर बनाए।



हॉलीवुड मसाला



# दो साल में दोगुनी हो गई नेटवर्थ

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिकी सिंगर और सॉन्ग राइटर टेलर स्विफ्ट इस वक्त दुनिया की सबसे पॉपुलर, सबसे सफल, सबसे अधिक कमाई कर रहीं आर्टिस्ट हैं। 35 साल की इस सिंगर की आवाज और खूबसूरती के पीछे फैंस दीवाने हैं। दो साल पहले 2023 में वह अरबपति बनी थीं, तब उनकी नेटवर्थ 1.24 बिलियन डॉलर यानी करीब 10,904 करोड़ रुपए आंकी गई थी। लेकिन, अब एक रिपोर्ट के मुताबिक, उन्होंने सिर्फ दो साल में अपनी संपत्ति लगभग दोगुनी कर ली है। वर्तमान में टेलर स्विफ्ट की कुल संपत्ति 2.1 बिलियन डॉलर (लगभग 18,450 करोड़ रुपए) आंकी गई है। इसका सबसे बड़ा श्रेय, टेलर स्विफ्ट के 12वें स्टूडियो एल्बम, द लाइफ ऑफ अ शोगर्ल और उनके वर्ल्ड टूर को जाता है।




# टॉम क्रूज और एना डे अरमास का हुआ ब्रेकअप

**नई दिल्ली।** मिशन इम्पॉसिबल और टॉप गन जैसी सफल फिल्में देने वाले हॉलीवुड के सुपरस्टार टॉम क्रूज पिछले कुछ महीने से 37 साल की एक्ट्रेस एना डे अरमास के साथ अपनी लव लाइफ को लेकर चर्चा में थे। दोनों को जुलाई में साथ हाथों में हाथ डाले वेकेशन मनाते हुए स्पॉट किया गया था, जिसके बाद ही दोनों के अफेयर की खबरों ने सुर्खियां बटोरी थी। हालांकि, अब एक ऐसी खबर सामने आई है, जिससे फैंस का दिल टूटने वाला है। 63 साल के टॉम क्रूज का चौथी बार ब्रेकअप हो गया है। रिपोर्ट्स की मानें तो उन्होंने और एना डे अरमास के साथ 9 महीने की डेटिंग के बाद अपना रिश्ता खत्म कर दिया है। एना डे अरमास और टॉम क्रूज ने म्यूचली अपने रिश्ते को खत्म करने का निर्णय लिया है। रिपोर्ट्स की मानें तो, दोनों ने एक-दूसरे के साथ जितना समय बिताया वह अच्छा था, लेकिन कपल के रूप में उनका रिश्ता खत्म हो चुका है। वह दोस्त रहेंगे, लेकिन अब एक-दूसरे को डेट नहीं कर रहे हैं। उन्हें ये एहसास हो गया था कि उनके बीच में दूरियां बढ़ रही हैं और वह ज्यादा समय बतौर पार्टनर रिश्ता नहीं चला पाएंगे।



# जॉय फोरम में एक साथ दिखे शाहरुख-आमिर और सलमान

**मुंबई।** यूट्यूबर मिस्ट बीस्ट यानी जिम्मी डोनाल्डसन ने सोशल मीडिया पर अपनी नई तस्वीर से सोशल मीडिया पर हंगामा मचा दिया है। दरअसल, मिस्टर बीस्ट ने बॉलीवुड के तीन सुपरस्टार खान शाहरुख खान, सलमान खान और आमिर खान के साथ अपनी एक तस्वीर शेयर की है और अपने फैंस को बड़ा सरप्राइज दिया है। यह तस्वीर सऊदी अरब के रियाद में हुए जॉय फोरम से आई है। मिस्टर बीस्ट ने यह तस्वीर बीती 16 अक्टूबर को रात को अपनी इंस्टा स्टोरी पर शेयर की है। इस तस्वीर में मिस्टर बीस्ट को तीनों खान के साथ हैप्पी मोमेंट शेयर करते देखा जा रहा है। सोशल मीडिया पर वायरल हुई इस तस्वीर में शाहरुख खान ऑल ब्लैक सूट-बूट पहने हुए नजर आ रहे हैं। 'मिस्टर बीस्ट' का भी डैपर लुक दिख रहा है।



# अर्जुन की झोली में आई राइज एंड फॉल की ट्रॉफी

**मुंबई।** अर्जुन बिजलानी शो 'राइज एंड फॉल' के पहले सीजन के विजेता बने हैं। छह फाइनलिस्ट में हुए मुकाबले में अर्जुन ने शो की ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। वहीं, आरुष भोला पहले रनरअप, अरबाज पटेल शो के दूसरे रनरअप रहे। रियलिटी शो की शुरुआत 15 प्रतिभागियों के साथ हुई थी। शो में अर्जुन बिजलानी, आरुष भोला और अरबाज पटेल तीन फाइनलिस्ट के रूप में चुने गए। इनमें से अर्जुन बिजलानी पहले सीजन के विनर बने हैं। शो 'राइड एंड फॉल' को 'शार्क टैंक इंडिया' के पूर्व जज अशनीर ग्रोवर ने होस्ट किया। यह शो प्रतिभागियों के सनसनीखेज और तीखे बयानों के चलते खूब सुर्खियों में रहा। भोजपुरी एक्टर पवन सिंह भी इस शो में नजर आए। हालांकि, उन्होंने शो बीच में ही छोड़ दिया था। अर्जुन को ट्रॉफी के अलावा 28 लाख 10 हजार रुपए का नकद इनाम मिला है।

टीवी मसाला



# घरवालों के लिए नेहल ने दिया बलिदान, फैमिली लेटर का किया त्याग

**नई दिल्ली।** बिग बॉस में अब हंगामे बढ़ते ही जा रहे हैं। हाल के एपिसोड में कैप्टेंसी टास्क हुआ, जहां फरहाना भट्ट एक ऐसा बोल्ड मूव लेती हैं, जिससे सब हैरान हो गए। खुद को कैप्टेंसी कंटेनडर्स की लिस्ट में रखने के लिए फराना ने नीलम गिरी के पैरेंट्स द्वारा लिखे लेटर को फाड़ देती हैं। फरहाना की इस हरकत से नीलम गिरी इमोशनल हो जाती हैं और रोने लगती हैं। इस पर गौरव खन्ना उन्हें लेटर के कुछ पीस देते हैं और उन्हें शांत रहने को बोलते हैं। लेकिन, फिर बिग बॉस इस टास्क को रद्द कर देते हैं, जिससे घरवाले हैरान हो जाते हैं। इन सबके बीच अब एक नया प्रोमो सामने आया है जिसमें बिग बॉस नेहल चुडासमा जो फिलहाल घर की कैप्टन हैं उन्हें दोबारा मौका देते हैं, लेकिन एक बड़े प्राइज के साथ। बिग बॉस नेहल को बोलते हैं कि उन्हें अपना लेटर सैक्रिफाइज करना होगा, ताकि बाकी कंटेस्टेंट्स को उनका मिल चुके। प्रोमो में बसीर अली और अशनूर कौर अपने लेटर पढ़ते हैं तो नेहा इमोशनल हो जाती हैं। फरहाना और बसीर जहां नेहल की तारीफ करते हैं। हालांकि रियल कंडीशन स्पष्ट रूप से सामने नहीं आई है, लेकिन प्रोमो से नेहल की ओर से एक बड़े त्याग का संकेत मिलता है। वहीं, इसके अलावा लेटेस्ट एपिसोड में अमाल और फरहाना के बीच बड़ा हंगामा हुआ है जब फरहाना, नीलम का लेटर फाड़ देती हैं। अमाल उनके फैसले को बुरा बताते हैं।

## बिग बी ने खोला अपना डाइट सीक्रेट

**नई दिल्ली।** केबीसी 17 का जूनियर्स वीक चल रहा है। इसमें होस्ट अमिताभ बच्चन और कंटेस्टेंट्स के बीच इंट्रेस्टिंग बातें सामने आ रही हैं। अमिताभ बच्चन के सामने स्प्रूहा तुषार शिंखेड़े नाम की कंटेस्टेंट थीं। वह उनकी प्रतिभा से प्रभावित होकर तारीफ कर रहे थे। तभी उनकी मां ने बताया कि उनकी बेटी ऑल राउंडर तो है, लेकिन खाने में बहुत कच्ची है।



इस पर अमिताभ बच्चन ने बताया कि वह क्या-क्या खाते हैं। स्प्रूहा की मां ने अमिताभ बच्चन को बताया कि उनकी बेटी धीरे-धीरे खाती है और बाकी चीजों में भी ढीली है। इस पर स्प्रूहा बिग बी से पूछती हैं, 'जैसे मैं धीरे खाती हूं, आपकी खाने-पीने की आदतें कैसी हैं?' इस पर अमिताभ बच्चन बोले, 'कुछ चीजें मैं नहीं खाता। चावल, केक, पेस्ट्री नहीं खाता। मुझे जलेबी पसंद है, लेकिन खा नहीं सकता। पर जो मिलता है खा लेता हूं।' अमिताभ बच्चन ने आगे बताया, 'एक रूटीन है जिसे मैं मेनटेन करता हूं, क्योंकि मुझे सेट्स पर जल्दी आना पड़ता है। वर्ना ये लोग नौकरी से निकाल देंगे। मैं रात के 1 बजे घर पहुंचता हूं। मुझे आप लोगों से जो प्यार मिलता है, उसी से पेट भरा रहता है।'

# इश्क से रोशन हुईं बॉलीवुड की दीपावली पार्टी

**मुंबई।** बॉलीवुड की दिवाली पार्टियां सोशल मीडिया पर इन दिनों छा चुकी हैं। इन पार्टियों की चर्चा के बीच कुछ रूमर्ड कपल्स भी खबरों में हैं। कुछ बेझिझक साथ दिख रहे हैं तो कुछ अलग-अलग एंट्री लेकर एक ही दिवाली पार्टी में दिखे हैं।

### सुहाना -अगस्त्य

शाहरुख खान की बेटी सुहाना और अमिताभ बच्चन के नाती अगस्त्य नंदा की डेटिंग की खबरें लंबे समय से सुनने को मिल रही हैं। लेकिन, इस कपल ने अब तक अपना रिलेशन ऑफिशियली अनाउंस नहीं किया है। पिछले साल दोनों रानी मुखर्जी की दिवाली पार्टी पर साथ दिखे थे। इस साल डिजाइनर मनीष मल्होत्रा की दिवाली पार्टी में मौजूद थे। सुहाना और अगस्त्य का एक वीडियो भी वायरल भी पार्टी से वायरल हुआ, जिसमें दोनों 'कजरारे' सॉन्ग पर डांस कर रहे हैं।



### फातिमा -विजय

पिछले कुछ समय से विजय वर्मा और फातिमा सना शेख की डेटिंग की भी चर्चा है। ये दोनों भी मनीष मल्होत्रा की दिवाली पार्टी में मौजूद थे। फातिमा ने अपने इंस्टाग्राम पेज पर विजय वर्मा के साथ कुछ तस्वीरें भी पोस्ट की हैं। विजय वर्मा की बात करें तो पहले वह तमन्ना भाटिया को डेट कर चुके हैं, लेकिन कुछ महीने पहले इनका ब्रेकअप हो गया।

### तारा सुतारिया-वीर पहाड़िया

तारा सुतारिया और वीर पहाड़िया का इश्क अभी नया-नया है। हाल ही में दोनों वेकेशन पर भी साथ गए। सोशल मीडिया पर भी एक-दूसरे की तारीफों के पुल तारा और वीर बांधते रहते हैं। हाल ही में फैशन डिजाइनर मनीष मल्होत्रा की दिवाली पार्टी में दोनों ने साथ एंट्री ली। पैपराजी को साथ में पोज दिए।


### इब्राहिम -पलक

सैफ अली खान के बेटे और एक्टर इब्राहिम अली खान टीवी एक्ट्रेस श्वेता तिवारी की बेटी पलक तिवारी के साथ अक्सर देखे जाते हैं। सोशल मीडिया यूजर्स पलक को इब्राहिम की रूमर्ड गर्लफ्रेंड मानते हैं। मुंबई में हुई एक दिवाली पार्टी में इब्राहिम और पलक अलग-अलग पहुंचे। इस पार्टी से दोनों के अलग-अलग वीडियो भी वायरल हुए। बताते चलें कि पलक तिवारी की इब्राहिम अली खान की बहन सारा अली खान के साथ भी अच्छी बनती हैं। एक बार सारा, इब्राहिम और पलक को साथ में आउटिंग पर देखा गया था।

# दीपावली पर ओटीटी के साथ थियेटर गुलजार!

**नई दिल्ली।** दीपावली के अवसर पर भारतीय दर्शकों का खूब मनोरंजन होने जा रहा है। फेस्टिव सीजन पर सिनेमाघरों से लेकर ओटीटी प्लेटफॉर्म पर एक से बढ़कर एक फिल्में और सीरीज रिलीज हो रही हैं। इनमें हॉरर-कॉमेडी से लेकर इंटेंस ड्रामा तक शामिल हैं। इनमें हर वर्ग के दर्शक के लिए फिल्में और सीरीज उपलब्ध हैं।

**महायोद्धा राम 3डी :** बॉलीवुड अभिनेता कुणाल कपूर और मौनी रॉय की माइथोलॉजिकल एपिक महायोद्धा राम 3डी 17 अक्टूबर को थिएटर्स में रिलीज हो गई। रायजादा रोहित जयसिंह वैद ने इस फिल्म को डायरेक्ट किया है। यह 3डी फिल्म भगवान राम के राजकुमार से धर्म के लिए लड़ने वाले योद्धा तक का सफर दिखाएगी. इसमें जिमी शेरगिल और गुलशन ग्रोवर भी अपनी आवाज का जादू बिखेरते दिखाई देंगे।



*भागवत चैप्टर 1 – राक्षस : यह मशहूर अभिनेता जितेंद्र कुमार और अरशद वारसी की डार्क थ्रिलर सीरीज है। इंस्पेक्टर विश्वास भागवत मिसिंग गर्ल्स केस को सुलझाते समय कुछ डार्क सीक्रेट्स को सामने लाता है। अक्षय शेरे ने इसे डायरेक्ट किया है। ज्योति देशपांडे ने इसे प्रोड्यूस किया है। यह 17 अक्टूबर को जी5 पर रिलीज हो गई।*

**थामा :** बॉलीवुड स्टार आयुष्मान खुराना की वैम्पायर हॉरर-कॉमेडी का इंतजार इस दीपावली पर खत्म हो रहा है। इसमें रश्मिका मंदाना उनके अपोजिट दिखाई देंगी। यह 21 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी. आदित्य सरपोतदार ने इसे डायरेक्ट किया है। मैडॉक फिल्म्स प्रोडक्शन में बनी इस फिल्म में एक शख्स की कहानी है जो जाने-अनजाने में एक पिशाच को जगा देता है और खुद भी एक पिशाच बन जाता है।

**एक दीवाने की दीवानियत :** इस फिल्म में बॉलीवुड अभिनेता हर्षवर्धन राणे और सोनम बाजवा की जोड़ी दिखाई देगी. इसमें इंटेंस लव स्टोरी, पैशन, और हार्टब्रेक की इमोशनल कहानी है। मिलाप मिलन जावेरी ने इसे डायरेक्ट किया है। यह पहली बार है जब हर्षवर्धन और सोनम की जोड़ी बड़े पर्दे पर दिखाई देगी। यह 21 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

## कहानी में पिरोई गई है पारिवारिक ताने-बाने और रिश्तों की अहमियत

# बॉलीवुड की इन फिल्मों में दिखती हैं दीपावली की झलकियां

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

बॉलीवुड फिल्में हमेशा से हमारे समाज का आईना रही हैं। देश की सामाजिक समस्याओं से लेकर अलग-अलग हिस्सों के रीति-रिवाजों और कल्चर को दिखाने में ये फिल्में कभी पीछे नहीं रहीं। भारतीय त्योहारों की झलकियां भी इन फिल्मों में देखने को मिलती रही हैं। फिर चाहे वो होली हो या दीपावली। 20 अक्टूबर को दिवाली का त्योहार है तो हम उन फिल्मों की बात करेंगे जिनमें रोशनी के पर्व की खूबसूरत झलकियां देखने को मिलती हैं। इन फिल्मों में पारिवारिक ताने बाने की झलक भी दिखाई गई है।

### कभी खुशी कभी गम

'कभी खुशी कभी गम' में शाहरुख खान और जया बच्चन के बीच दिखाया गया प्रतिष्ठित दिवाली दृश्य हर सिनेप्रेमी के दिल में बसा हुआ है। जया बच्चन, शाहरुख खान की मां का किरदार निभा रही हैं। वो अनजाने में ही उनके आने का आभास कर लेती हैं। करण जौहर द्वारा निर्देशित इस फिल्म में अमिताभ बच्चन, ऋतिक रोशन और करीना कपूर भी लीड भूमिकाओं में थे।

### मोहब्बतें

साल 2000 में आई शाहरुख खान की मशहूर फिल्म 'मोहब्बतें' में दिवाली का एक गाना 'जोड़ों में बंधन है' था। इस मधुर गाने ने सभी के दिलों में खास जगह बनाई है, खास तौर पर स्टार-स्टडेड कास्ट की वजह से। आदित्य चोपड़ा द्वारा निर्देशित इस म्यूजिकल रोमांटिक ड्रामा फिल्म में अमिताभ बच्चन, ऐश्वर्या राय बच्चन, उदय चोपड़ा, जुगल हंसराज, जिमी शेरगिल, शमिता शेट्टी जैसे कई कलाकार भी थे।



### आमदनी अठन्नी खर्चा रुपैया

*'आई है दिवाली सुनो जी घरवाली' ये गाना फिल्म 'आमदनी अठन्नी खर्चा रुपैया' का है। इस गाने से ही साफ है कि फिल्म में दिवाली को बहुत ही शानदार तरीके से मनाया गया है। इसमें गोविंदा और जूही चावला सहित कई स्टार्स नजर आए थे।*

### वास्तव

*संजय दत्त को गैंगस्टर के रूप में पेश करते हुए 'वास्तव' परिवार के महत्व के बारे में बात करती है। दिवाली के त्यौहार के दौरान संजय अपने परिवार से मिलने के लिए अपने ठिकाने से बाहर आते हैं। फिल्म में एक ऐसा क्षण था जहां संजय दत्त अपनी मां (रीमा लागू) को अपने द्वारा पहने जाने वाले सोने की कीमत समझाते हैं, जबकि सबसे मशहूर डायलॉग 'ये देख पच्चास तोला'बोलते हैं। महेश मांजरेकर द्वारा निर्देशित इस फिल्म में नम्रता शिरोडकर, संजय नार्वेकर, मोहिनीश बहल, परेश रावल, रीमा लागू और शिवाजी साटम भी मुख्य किरदारों में थे।*

### हम आपके हैं कौन

साल 1994 की बॉलीवुड फिल्म 'हम आपके हैं कौन' में दिवाली का एक प्यारा सा दृश्य था, जिसमें रेणुका शाहणे का किरदार त्यौहार के बीच ही एक प्यारे बच्चे को जन्म देता है। पूरा परिवार उसके आगमन के अवसर पर दिवाली मनाता है। इस फिल्म का एक पॉपुलर गाना 'दिक्तना' यादगार है। सूरज बड़जात्या द्वारा निर्देशित इस फिल्म में सलमान खान, माधुरी दीक्षित और मोहनीश बहल भी अहम भूमिकाओं में थे।

### चाची 420

कमल हासन की 'चाची 420' में एक सीन था जिसमें चाची भारती की ट्यूटर के तौर पर दुर्गाप्रसाद भारद्वाज के घर जाती हैं, जहां वह भारती को एक भयानक पटाखे की घटना से बचाती हैं। 1993 की हॉलीवुड फिल्म मिसेज डाउटफायर से प्रेरित इस हिंदी कॉमेडी रीमेक में तब्बू, अमरीश पुरी, ओम पुरी, जॉनी वॉकर, परेश रावल, राजेंद्रनाथ जुत्शी, आयशा जुल्का, नासिर और फातिमा सना शेख ने अहम भूमिकाएं निभाई थीं।

### तारे जमीन पर

आमिर खान की फिल्म 'तारे जमीन पर' में भी दिवाली का त्योहार धूमधाम से मनाते दिखाया गया है। हालांकि, फिल्म के मेन कैरेक्टर ईशान के लिए दिवाली खुशी का नहीं बल्कि दुख का कारण था क्योंकि वो अपने माता-पिता से दूर एक बोर्डिंग स्कूल में था।

## खबर संक्षेप



रेवाड़ी। एसएमओ डा. रविन्द्र का स्वागत करते स्टाफ सदस्य। फोटो :हरिभूमि

### डा. रविन्द्र पाली ने संभाला एचएमओ का कार्यभार

**रेवाड़ी।** सीएचसी गुरावड़ा में नए एसएमओ डा. रविन्द्र पाली ने कार्यभार ग्रहण कर लिया है, जबकि सीएसची के एसएमओ रहे डा. जितेन्द्र कुमार का सोनीपत तबादला हो गया है। सीएससी स्टाफ की ओर से नए सीएमओ का स्वागत किया गया। इस मौके पर नर्सिंग ऑफिर प्रीति यादव, सीएचओ प्रधान राहुल कुमार, एनएचएम सदस्य डा. चेतन चौहान, आयुष विंग के प्रधान डा. मनोज यादव, एमपीएचई एसोसिएशन के प्रधान व एचआई बिरेन्द्र सिंह, एमपीएचई के ब्लॉक प्रधान अशोक सैनी आदि लोग मौजूद रहे।



रेवाड़ी। छात्राओं को संबोधित करते हुए प्राचार्य। फोटो :हरिभूमि

### निबंध प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**रेवाड़ी।** कालाका रोड स्थित आरडीएस पब्लिक गर्ल्स कॉलेज में शुक्रवार को प्राचार्य डा. दलबीर सिंह यादव की अध्यक्षता में विश्व सांख्यिकी दिवस के उपलक्ष्य में निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। महाविद्यालय की ऑल इंडिया सर्वे ऑफ हायर एजुकेशन की नोडल ऑफिसर डा. सुनीता यादव ने कार्यक्रम का संचालन किया। छात्राओं ने प्रतियोगिता में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और निबंध के लिए दिए गए विभिन्न विषयों पर अपने विचार व्यक्त किए। प्राचार्य डा. यादव ने छात्राओं को संबोधित करते हुए जीवन में सांख्यिकी के महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर डा. प्रवीण कुमारी, डा. चारू, डा. रीना, पूजा व नीतू उपस्थित रही।



रेवाड़ी। कार्यक्रम में अतिथियों का सम्मान करते हुए संस्था सदस्य। फोटो :हरिभूमि

### किशोर अवस्था में होने वाले परिवर्तन से करवाया अवगत

**बावल।** शुक्रवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बिठवाना व मसानी में एस्टेमो फाई प्राइवेट लिमिटेड कंपनी बावल की ओर से सीएसआर गतिविधी के अंतर्गत महावारी स्वच्छता अभियान के तहत सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार में छात्राओं को पंफलेट व सेनिटरी पैड वितरित किए गए। वक्ताओं ने छात्राओं को किशोर अवस्था में होने वाले परिवर्तन और मासिक धर्म में बरती जाने वाली सावधानियों से अवगत कराया। संस्था की ओर से डा. रवीना यादव, एएनएम सविता कुमारी व सलोनी सिंगला ने छात्राओं को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया।



रेवाड़ी। कार्यक्रम में वरिष्ठ सदस्यों का सम्मान करते हुए। फोटो :हरिभूमि

### हेल्थ बीमा पॉलिसी व पेंशन अपडेशन पर चर्चा की

**रेवाड़ी।** शुक्रवार को अखिल भारतीय पंजाब नेशनल बैंक पेंशनर्स एवं रिटायरीज एसोसिएशन की आम बैठक का आयोजन पंजाब नेशनल बैंक अग्रणी बैंक कार्यालय अनाज मंडी में जीत सिंह टाईगर की अध्यक्षता में किया गया। बैठक की शुरूआत में नारायण सिंह तंवर जिला सचिव ने एसोसिएशन के सभी सदस्यों व परिजनों को दीपावली की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर एसपी यादव सर्कल प्रेजिडेंट, अरूण कुमार गुप्ता सर्कल सेक्रेटरी, एएस यादव, एनपीएस यादव, डीपी गर्ग, सुभाष चंद, सतीश बटला तथा एमएल गुप्ता आदि मौजूद रहे।

---

विद्यार्थियों की प्रतिभा की सराहना करते हुए प्रोत्साहित किया

# विद्यार्थियों ने आकर्षक रंगोली बनाकर दिखाई प्रतिभा, ग्रुप सॉन्ग में रहा सुर व ताल का संगम

*जिले के 150 से अधिक स्कूलों के विद्यार्थी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे*

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रेवाड़ी

हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद चंडीगढ़ के तत्वावधान व जिला बाल कल्याण परिषद की ओर से बाल भवन में आयोजित बाल महोत्सव के पांचवे दिन रंगोली चतुर्थ वर्ग, ग्रुप डांस चतुर्थ वर्ग व द्वितीय वर्ग की पेट्रीयोटिक ग्रुप सॉन्ग प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। अभिषेक मीणा उपायुक्त एवं प्रधान जिला बाल कल्याण परिषद ने बाल महोत्सव में विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों की ओर से बनाई गई रंगोली सहित अन्य प्रतियोगिताओं का अवलोकन किया। उन्होंने विद्यार्थियों की प्रतिभा की सराहना करते हुए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर एडीसी राहुल मोदी भी मौजूद थे। डीसी ने कहा कि

बाल महोत्सव जैसे कार्यक्रम बच्चों की प्रतिभाओं को और अधिक निखार रहे हैं। शिक्षकों और अभिभावकों को बच्चों को ऐसे कार्यक्रमों में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए। यह समय बच्चों के लिए अपार संभावनाओं से भरा होता है।

उन्होंने कहा कि बच्चों को पढ़ाई के साथ अपनी रुचि के अनुरूप प्रतियोगिताओं में जरूर भाग लेना चाहिए। इससे आत्मविश्वास बढ़ने के साथ नई ऊर्जा का संचार भी होता है। जिला बाल कल्याण अधिकारी वीरेंद्र यादव ने बताया कि जिला स्तरीय बाल महोत्सव का आयोजन 30 अक्टूबर तक किया जा रहा है। इस दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं में जिले के 150 से अधिक स्कूलों के विद्यार्थी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं। शुक्रवार की प्रतियोगिताओं में जिले के 43 गैर सरकारी एवं 3 सरकारी विद्यालयों से 387 बच्चों ने भाग लिया। उन्होंने बताया कि 23 अक्टूबर को पेट्रीयोटिक ग्रुप सॉन्ग चतुर्थ वर्ग, क्लासिकल सोलो डांस तृतीय वग व तुतीय वर्ग की रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन होगा। बाल महोत्सव के सांयकालीन सत्र में कमलेश शास्त्री मंडल बाल कल्याण अधिकारी गुरुग्राम व धर्मबीर यादव असिस्टेंट प्रोफेर योगा आईजीयू मीरपुर ने शिरकत की। निर्णायक मंडल की भूमिका में पायल यादव, विनीता रानी, सविता मदान, मदन डागर, श्रीपति शेखावत, अंकुर, नीलम, सुषमा, सुरेन्द्र मोरवाल, भूपेन्द्र, अजय कुमार व रवि यादव शामिल थे। कार्यक्रम में पिंकी कार्यक्रम अधिकारी, प्रवीण यादव लेखाकार, रोशनी सुपरवाइजर, अजमेर गोदारा परिवीक्षा अधिकारी, मुग्धा यादव, अधीक्षिका, जोगेन्द्र, अमित, शुक्रम, अनिल शर्मा, कविता तथा वॉलेंटियर के रूप में नैंसी, रीतिका, यश्वी, एकता रानी व उषा ने सहयोग दिया।








रेवाड़ी। पेट्रीयोटिक ग्रुप सॉन्ग में भाग लेती छात्राएं रेवाड़ी व बाल महोत्सव में रंगोली बनाते हुए छात्रा और विद्यार्थियों की रंगोली का अवलोकन करते डीसी व एडीसी। फोटो : हरिभूमि

#### यह रहे प्रतियोगिताओं के परिणाम

पेट्रीयोटिक ग्रुप सॉन्ग द्वितीय वर्ग-अश्मिता ने प्रथम, प्रियांशी ने द्वितीय, अनितेश ने तृतीय तथा चार्वी, रेनिशा व आदया ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। रंगोली चतुर्थ वर्ग-राजश्री ने प्रथम, भावना ने द्वितीय, तमन्ना, खुशी, स्वेता, निकिता, भूमिका व खुशी ने तृतीय एवं बिंदीय, तनिष्क, तानिया, रिया दुबे, चेस्टा, जागृति, नेहा व अनिशा ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया।

---



रेवाड़ी। कैंप में रक्तदान करते हुए सफाईकर्मी। फोटो :हरिभूमि

### सफाई कर्मचारियों के लिए रक्तदान व स्वास्थ्य जांच शिविर का हुआ आयोजन

**रेवाड़ी।** हरियाणा सरकार के एक वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में हरियाणा राज्य सफाई कर्मचारी आयोग की ओर से सफाई कर्मचारियों के कल्याण और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से शुक्रवार को रेडक्रॉस भवन में रेडक्रॉस सोसायटी के सहयोग से रक्तदान व स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सफाई कर्मचारी आयोग के चेयरमैन इंजी. कृष्ण कुमार ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करते हुए रक्तदाताओं को बैज लगाकर हौसला बढ़ाया, वहीं सफाई कर्मचारियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक भी किया। कैंप में सफाई कर्मचारियों की सामान्य स्वास्थ्य जांच और आंखों की जांच कर उचित परामर्श दिया गया। इस मौके पर इंजीनियर कृष्ण कुमार ने कहा कि रक्तदान जीवनदानी कार्य है और इससे अनगिनत जिंदगियां सुरक्षित की जा सकती हैं। उन्होंने समाज के सभी वर्गों के लोगों से अधिक से अधिक रक्तदान करने की अपील की। अतिथियों और आयोजकों ने हरियाणा सरकार के एक वर्ष के सफल कार्यों पर प्रसन्नता व्यक्त की तथा इस जनकल्याणकारी पहल की सराहना की। मौके पर रेडक्रॉस सोसाइटी के सचिव महेश गुप्ता और इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन के भवी गुप्ता सहित सामाजिक कार्यकर्ता व गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

---

## दिल्ली शाहदरा-साहिबाबाद के मध्य तकनीकी कार्य के कारण रेलसेवाएं रद्द



रेवाड़ी। उत्तर-पश्चिम रेलमार्ग से गुजरती एक्सप्रेस ट्रेन। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रेवाड़ी

उत्तर रेलवे के दिल्ली मंडल पर दिल्ली शाहदरा-साहिबाबाद रेलखंड के मध्य पुल संख्या 241बी पर तकनीकी कार्य के कारण 13 व 14 दिसंबर को ट्रैफिक ब्लॉक लिया जा रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे के सीपीआरओ शशि किरण ने बताया कि कार्य के कारण उत्तर पश्चिम रेलवे पर संचालित निम्न रेलसेवाएं रद, मार्ग परिवर्तित, रीशेड्यल व रेगुलेट रहेगी। गाड़ी संख्या 54085 दिल्ली-सातरोड रेलसेवा व गाड़ी संख्या 54086 सातरोड-दिल्ली रेलसेवा 14 दिसंबर को रद्द रहेगी।

**इन रेलसेवाओं का रहेगा मार्ग परिवर्तित**

गाड़ी संख्या 15091 दौराई-टनकपुर एक्सप्रेस रेलसेवा 13 दिसंबर को दौराई से प्रस्थान करके परिवर्तित मार्ग दिल्ली सराय-नई दिल्ली-तिलकब्रिज-साहिबाबाद होकर होकर संचालित होगी। गाड़ी संख्या 19031 साबरमती-योगनगरी ऋषिकेष एक्सप्रेस रेलसेवा 13 दिसंबर को साबरमती से प्रस्थान करके परिवर्तित मार्ग दिल्ली कैंट-नई दिल्ली-तिलकब्रिज-साहिबाबाद होकर संचालित होगी। गाड़ी संख्या 15910 लालगढ-डिब्रुगढ एक्सप्रेस रेलसेवा 13 दिसंबर को लालगढ से प्रस्थान करके परिवर्तित मार्ग शकूरबस्ती-नई दिल्ली-तिलकब्रिज-साहिबाबाद होकर संचालित होगी। मार्ग परिवर्तन के कारण यह रेलसेवा दिल्ली स्टेशन पर ठहराव नहीं करेगी। गाड़ी संख्या 12324 बाड़मेर-हावडा एक्सप्रेस रेलसेवा 13 दिसंबर को बाड़मेर से प्रस्थान करके परिवर्तित मार्ग दिल्ली कैंट-दिल्ली सराय-नई दिल्ली-तिलकब्रिज-साहिबाबाद होकर संचालित होगी। गाड़ी संख्या 15014 काठगोदाम-जैसलमेर एक्सप्रेस रेलसेवा 13 दिसंबर को काठगोदाम से प्रस्थान करके परिवर्तित मार्ग साहिबाबाद-तिलकब्रिज-नई दिल्ली-दिल्ली सराय होकर संचालित होगी। गाड़ी संख्या 14117 प्रयागराज-भिवानी एक्सप्रेस रेलसेवा 13 दिसंबर को प्रयागराज से प्रस्थान करके परिवर्तित मार्ग साहिबाबाद-तिलकब्रिज-नई दिल्ली -दिल्ली किशनगंज होकर संचालित होगी।

गाड़ी संख्या 20964 वाराणसी-साबरमती एक्सप्रेस रेलसेवा 13 दिसंबर को वाराणसी से प्रस्थान करके परिवर्तित मार्ग साहिबाबाद-तिलकब्रिज-नई दिल्ली-दिल्ली सराय होकर संचालित होगी। गाड़ी संख्या 15624 कामाख्या-जोधपुर एक्सप्रेस रेलसेवा 12 दिसंबर को कामाख्या से प्रस्थान करके परिवर्तित मार्ग साहिबाबाद-तिलकब्रिज-नई दिल्ली - दिल्ली सराय होकर संचालित होगी।

#### ये ट्रेनें रहेंगी रीशड्यूल व रेगुलेट

गाड़ी संख्या 14662 जम्मूतवी-बाड़मेर रेलसेवा 13 दिसंबर को यदि रीस्टोर की जाती है, तो जम्मूतवी से अपने निर्धरित समय से 1 घंटे की देरी से प्रस्थान करेगी। इसके अलावा गाड़ी संख्या 14321 बरेली-भुज रेलसेवा 14 दिसंबर को बरेली से प्रस्थान करके साहिबाबाद स्टेशन पर 10 मिनट रेगुलेट रहेगी।

---

## त्योहारों पर यात्रियों की सुविधा के लिए चार जोड़ी स्पेशल रेल सेवाओं का आज से होगा संचालन

*रेलसेवा में 2 थर्ड एसी, 8 द्वितीय शयनयान, 4 साधारण श्रेणी व 2 गार्ड डिब्बों सहित कुल 16 डिब्बे होंगे*

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रेवाड़ी

रेलवे की ओर से आगामी त्योहारों पर यात्रियों की सुविधा के लिए भिवानी-अजमेर-भिवानी अनारक्षित स्पेशल, उदयपुर सिटी-दिल्ली सराय-उदयपुर सिटी, हिसार-सोगरिया कोटा-हिसार व मैसूरू-जयपुर-मैसूरू स्पेशल रेलसेवाओं का संचालन किया जा रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे के सीपीआरओ शशि किरण ने बताया कि गाड़ी संख्या 04733 भिवानी-अजमेर अनारक्षित स्पेशल रेलसेवा 18, 19, 22, 23, 24 व 25 अक्टूबर को भिवानी से सुबह 8:20 बजे रवाना होकर शाम 4:55 बजे अजमेर पहुंचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 04734 अजमेर-भिवानी अनारक्षित स्पेशल रेलसेवा 18, 19, 22, 23, 24 व 25 अक्टूबर को अजमेर से शाम 5:30 बजे रवाना होकर रात्रि 2:40 बजे भिवानी पहुंचेगी। यह रेलसेवा मार्ग में चरखी दादरी, झाडली, कोसली, जाटूसाना, रेवाड़ी, अटेली, नारनौल, डाबला, नीमकाथाना, कावंट, श्रीमाधोपुर, रींगस, रेनवाल, फुलेरा, नरेना व किशनगढ स्टेशनों पर ठहराव करेगी। इस रेलसेवा में 10 साधारण श्रेणी व 2 गार्ड डिब्बों सहित 12 डिब्बे होंगे।

#### उदयपुर सिटी-दिल्ली सराय स्पेशल रेलसेवा



रेवाड़ी रेलमार्ग से गुजरते हुए एक्सप्रेस ट्रेन।

गाड़ी संख्या 09601 उदयपुर सिटी-दिल्ली सराय स्पेशल रेलसेवा 18 व 26 अक्टूबर को उदयपुर सिटी से सुबह 10:30 बजे रवाना होकर जयपुर स्टेशन पर शाम 7:15 बजे आगमन व 7:25 बजे प्रस्थान करके अगले दिन रात्रि 2:20 बजे दिल्ली सराय पहुंचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 09602 दिल्ली सराय-उदयपुर सिटी स्पेशल रेलसेवा 19 व 27 अक्टूबर को दिल्ली सराय से सुबह 5 बजे रवाना होकर जयपुर स्टेशन पर सुबह 11:30 बजे आगमन व 11:40 बजे प्रस्थान करके अगले दिन रात्रि 9:20 बजे उदयपुर सिटी पहुंचेगी। यह रेलसेवा मार्ग में राणाप्रतापनगर, मावली, फतेहनगर, कपासन, चंदेरिया, गंगरार, भीलवाड़ा, मांडल, बिजयनगर, नसीराबाद, अजमेर, किशनगढ, नरेना, फुलेरा, आसलपुर जोबनेर, कनकपुरा, जयपुर, गांधीनगर जयपुर, गैटोर जगतपुरा, खातीपुरा, बस्सी, दौसा, बांदीकुई, राजगढ, मालाखेडा, अलवर, खैरथल, रेवाड़ी, गुरुग्राम व दिल्ली कैंट स्टेशनों पर ठहराव करेगी। इस रेलसेवा में 2 थर्ड एसी, 8 द्वितीय शयनयान, 4 साधारण श्रेणी व 2 गार्ड डिब्बों सहित कुल 16 डिब्बे होंगे।

#### हिसार-सोगरिया कोटा स्पेशल रेल सेवा

गाड़ी संख्या 04735, हिसार-सोगरिया कोटा स्पेशल रेलसेवा 18 एवं 26 अक्टूबर को हिसार से सुबह 6 बजे रवाना होकर जयपुर स्टेशन पर दोपहर 2:55 बजे आगमन व 3:05 बजे प्रस्थान करके रात्रि 9:05 बजे सोगरिया पहुंचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 04736 सोगरिया-हिसार स्पेशल रेलसेवा 19 व 27 अक्टूबर को सोगरिया से रात्रि 10:10 बजे रवाना होकर अगले दिन जयपुर स्टेशन पर शाम 2:50 बजे आगमन व 3 बजे प्रस्थान कर रात्रि 11:05 बजे हिसार पहुंचेगी। यह रेलसेवा मार्ग में सिवानी, सादुलपुर, रामपुरा बेरी, लोहारू, सुरजगढ, चिडावा, रतनशहर, झुंझुनूं, डूंडलोद, मुकन्दगढ, नवलगढ, सीकर, पलसाना, रींगस, चौमू, ढहर का बालाजी, जयपुर, दुगार्पुरा, वनस्थली निवाई, ईसरदा, चौथ का बरवाडा, सवाईमाधोपुर, इंद्रगढ सुमेरगंज मंडी, लाखेरी व केशोरायपाटन स्टेशनों पर ठहराव करेगी। इस रेलसेवा में 1 थर्ड एसी, 5 द्वितीय शयनयान, 8 साधारण श्रेणी व 2 गार्ड डिब्बों सहित कुल 16 डिब्बे होंगे।

#### मैसूरू-जयपुर स्पेशल रेलसेवा

गाड़ी संख्या 06231 मैसूरू-जयपुर स्पेशल रेलसेवा 18 एवं 25 अक्टूबर को मैसूरू से शनिवार को रात्रि 11:55 बजे रवाना होकर सोमवार शाम 6:40 बजे जयपुर पहुंचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 06232 जयपुर-मैसूरू स्पेशल रेलसेवा 21 व 28 अक्टूबर को जयपुर से मंगलवार को सुबह 4 बजे रवाना होकर वीरवार को सुबह 3:30 बजे मैसूरू पहुंचेगी। इस रेलसेवा में 2 सैकेंड एसी, 12 थर्ड एसी, 2 द्वितीय शयनयान व 2 पॉवर गार्ड डिब्बों सहित 18 डिब्बे होंगे।

---



रेवाड़ी। कार्यशाला में मौजूद शिक्षक व छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

### विश्व सांख्यिकी दिवस पर छात्राओं को आंकड़ों के संकलन व फॉमूर्लेशन की दी जानकारी

**रेवाड़ी।** सेक्टर-18 स्थित राजकीय कन्या महाविद्यालय में शुक्रवार को विश्व सांख्यिकी दिवस के अवसर पर एआईएसएचई प्रकोष्ठ की ओर से कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला शिक्षा मंत्रालय नई दिल्ली तथा उच्चतर शिक्षा विभाग हरियाणा के तत्वावधान में आयोजित की गई। इस मौके पर प्राचार्या डा. ज्योति यादव ने छात्राओं को बताया कि आधुनिक युग आंकड़ों व सूचनाओं का युग है व किसी भी योजना को कार्यान्वित करने के लिए सटीक आंकड़े होने आवश्यक है। कार्यक्रम की संयोजिका अंग्रेजी विभाग की प्रोफेसर डा. रीना यादव ने छात्राओं को वर्तमान समय में डाटा कलेक्शन के महत्व से अवगत कराया। कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर के गणित विभाग से डा. महावीर बड़क ने शिरकत की। छात्राओं को आंकड़ों के संकलन व फॉमूर्लेशन की जानकारी दी। कार्यशाला में डा. हरीश, डा. रितु, डा. वीरेंद्र, डा. सुनीता, योगेश, मोनिका, डा. रेखा गर्ग, डा. रेनू, डा. निशा, डा. मीनाक्षी, डा. अंजना, डा. कंचन, ममता, शर्मिला, डा. मंजू, डा. ज्योति, डा. प्रियंका व चंद्रकांत मौजूद थे।

---

## पुलिस टीम ने विद्यार्थियों व आमजन को नशे के दुष्प्रभावों व बचाव के प्रति किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रेवाड़ी

जिला पुलिस ने युवाओं व आमजन को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करने के लिए और खेलों से जोड़ने के लिए विशेष अभियान चलाया हुआ है। जिला पुलिस की नशा मुक्त टीम रोजाना लोगों को नशे के विरुद्ध जागरूक कर रही है। पुलिस टीम नशा पीड़तिों की पहचान करके व काउंसलिंग कराकर नशा छोड़ने के लिए प्रेरित कर रही है। शुक्रवार को पुलिस टीम ने विद्यास्थली स्कूल गांव पाल्हावास, हेरिटेज गैलेक्सी इंटरनेशनल स्कूल गांव करावरा मानकपुर व गांव नांगलिया रणमोख में शिक्षकों, स्टूडेंट्स व आमजन को नशे से दूर रहने तथा शिक्षा व खेलों से जुड़ने के लिए प्रेरित किया।



रेवाड़ी। ग्रामीणों को नशे के खिलाफ जागरूक करते पुलिसकर्मी।

#### पुलिस टीम ने नशा न करने की शपथ दिलाई

पुलिस टीम ने सभी को नशा न करने की शपथ भी दिलाई। पुलिस अधीक्षक हेमेंद्र कुमार मीणा ने कहा कि नशा एक ऐसी बुराई है, जिससे व्यक्ति का अनमोल जीवन समय से पहले ही मौत का शिकार हो जाता है। नशा करने वाला व्यक्ति अपने साथ साथ पूरे परिवार का जीवन खराब कर देता है। सबसे पहले युवा पीढ़ी को नशे से बचाना होगा। पुलिस के इस अभियान से प्रेरित होकर जहां युवा शिक्षा और खेल गतिविधियों की ओर अग्रसर हो रहे हैं, पर अनेक नशा ग्रस्त युवकों ने नशा छोड़ने की पहल भी की है, जिनका प्रशासन की मदद से इलाज कराकर उन्हें फिर से समाज की मुख्यधारा में शामिल किया गया है।

---

**समारोह** हरियाणा सरकार के तीसरे कार्यकाल का एक वर्ष पूर्ण होने पर बाल भवन में जन विश्वास-जन विकास समारोह का हुआ आयोजन

# सरकार के एक वर्ष का कार्यकाल विकास, पारदर्शिता और जनता से जुड़ाव का प्रतीक

- समारोह में विधायक लक्ष्मण सिंह बतौर मुख्य अतिथि मौजूद रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रेवाड़ी

म्हारा हरियाणा-नॉन स्टॉप हरियाणा, एक साल घणा कमाल-11 साल, तरक्की बेमिसाल थीम के साथ जिले में हरियाणा सरकार के तीसरे कार्यकाल का एक वर्ष पूर्ण होने पर गरिमामयी ढंग से जन विश्वास-जन विकास समारोह मनाया गया। जिला स्तरीय समारोह का आयोजन बाल भवन में में हुआ, जिसमें विधायक लक्ष्मण सिंह यादव बतौर मुख्य अतिथि थे। समारोह की अध्यक्षता डीसी अभिषेक मीणा ने की, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला परिषद चेयरमैन मनोज यादव, नगर परिषद चेयरपर्सन पूनम यादव व धारूहेड़ा नगर पालिका चेयरमैन कंवर सिंह मौजूद थे। समारोह में सरकार के तीसरे कार्यकाल की एक साल की उपलब्धियों पर केंद्रित सूचना, जनसम्पर्क एवं भाषा विभाग की ओर से तैयार की गई बुकलेट व पंपलेट का विमोचन हुआ।

इस मौके पर विधायक लक्ष्मण सिंह यादव ने कहा कि पिछले एक वर्ष में हरियाणा सरकार ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में जनसेवा को ही अपना धर्म माना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मंत्र पर चलते हुए, सरकार ने हर वर्ग के उत्थान के लिए काम किया है। पिछले एक वर्ष में हरियाणा सरकार ने गांव-गांव, शहर-शहर तक विकास की रफ्तार पहुंचाई है। जिला आज विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। विधायक ने कहा कि आज गरीब का घर बन रहा है, किसान के खेत तक सिंचाई पहुंच रही है, युवाओं को रोजगार और कौशल प्रशिक्षण मिल रहा है, महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए योजनाएं लागू की जा रही हैं।




रेवाड़ी। सरकार के विकास कार्यो की बुकलेट का विमोचन करते अतिथि। फोटो :हरिभूमि

#### रेवाड़ी में 450 करोड़ से चल रहे विकास कार्य

विधायक ने कहा कि रेवाड़ी विधानसभा क्षेत्र में 450 करोड़ से अधिक राशि के विकास कार्यों को अमलीजामा पहनाया जा रहा है। इनमें 120 मीटर के गलियारे का निर्माण कार्य, भाड़ावास रोड पर सर्विस रोड का निर्माण कार्य चल रहे हैं। वहीं जिला स्तरीय लाइब्रेरी, महिला हॉस्टल, ऑडिटोरियम, सैनिक सदन बनाने की घोषणा मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने की है, जिनको अमलीजामा पहनाने का कार्य प्रशासन द्वारा किया जा रहा है। वहीं रेवाड़ी में एम्स बनने से विकास को और गति मिलेगी। आने वाले समय में रेवाड़ी की दिशा और दशा बदलने का काम किया जाएगा। इस अवसर पर एडीसी राहुल मोदी, डीएमसी ब्रह्मप्रकाश, डीआईपीआरओ दिनेश कुमार, डीडीपीओ एचपी बंसल, डीआईओ सचिन बंसल, डीएसडब्ल्यूओ वीरेंद्र यादव सहित जिला और ब्लॉक समिति के सदस्य सहित पंचायती राज संस्थाओं के प्रतिनिधिगण मौजूद थे।

#### सिंचाई और फसल सुरक्षा के लिए नई योजनाएं लागू की

विधायक ने कहा कि जल जीवन मिशन के तहत हर घर में नल से स्वच्छ जल पहुंचाने का काम तेजी से चल रहा है। कृषि क्षेत्र में सिंचाई और फसल सुरक्षा के लिए नई योजनाएं लागू की गई हैं। महिलाओं के लिए स्वयं सहायता समूहों को मजबूत किया जा रहा है ताकि वे आत्मनिर्भर बन सकें। नई सडकों, स्कूलों, अस्पतालों, पेयजल योजनाओं और डिजिटल सेवाओं के माध्यम से लोगों का जीवन आसान हुआ है। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार का एक वर्ष का कार्यकाल प्रदेश के इतिहास में विकास, पारदर्शिता और जनता से जुड़ाव का प्रतीक रहा है।

#### किसानों की आय दोगुनी करने के लक्ष्य रखा

इस एक वर्ष में सरकार ने सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मंत्र को सच्चे अर्थों में चरितार्थ किया है और प्रदेश भर में नॉन स्टॉप विकास कार्य कराएं हैं। हरियाणा सरकार का एक वर्ष का यह कार्यकाल केवल सरकार की उपलब्धियों का नहीं, बल्कि समस्त हरियाणा वासियों के सामूहिक प्रयास का प्रतीक है। सरकार ने किसानों की आय दोगुनी करने के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए अनेक योजनाएं शुरू की हैं। बेटियों की शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान को और प्रभावी बनाया गया। युवाओं को रोजगार देने के लिए हरियाणा रोजगार पोर्टल को और सशक्त किया गया। महिला स्वयं सहायता समूहों को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के लिए विशेष सहायता दी गई।